कार्यालय - प्राचार्य, शासकीय रानी सूर्यमुखी देवी महाविद्यालय छुरिया
जिला - राजनांदगांव (छ.ग.)

प्रेस विज्ञप्ति

दिनांक 21.05.2019

छुरिया महाविद्यालय में मनाया "आतंकवादी –विरोधी दिवस"

स्थानीय शासकीय रानी सूर्यमूखी महाविद्यालय छुरिया में आतंकवाद विरोधी दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सभी अधिकारी/कर्मचारी एवं छात्र–छात्राओं ने आतंकवाद विरोध के संबंध में यह शपथ लिया कि हम भारतवासी अपने देश की अहिंसा एवं सहनशीलता की परम्परा में दृढ़ विश्वास रखतें है तथा सभी प्रकार के आतंकवाद और हिंसा का डटकर विरोध करेंगे। हम मानवजाति के सभी वर्गों के बीच शांति, सामाजिक सद्भाव तथा सूझबूझ कायम करने और मानव जीवन मूल्यों को खतरा पहुंचाने वाली और विघटनकारी शक्तियों से भी लड़ने की शपथ लेते है। इस अवसर पर महाविद्यालय के सभी अधिकारी/कर्मचारी एवं छात्र–छात्राएं उपस्थित रहें।

प्राचार्य

प्रतिलिपि :– समस्त संवाददाता गण।